कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री हेमेन्द्र सिंह रत्नावत पता– 637 (रामजीलाल शर्मा तिवाडी मौहल्ला वाले) शिक्षकेश्वर महादेव मदिर के पास, शिक्षक कालोनी, दौसा राज0 303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/सहायक निदेशक लोक सेवाएं दौसा

अपील संख्या 139/2022

निर्णय दिनांक 30.12.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2022/3081 दिनांक 19.12.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमांकः आरटीआई/2022/1327 दिनांक 23.12.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना सहायक निदेशक लोक सेवाएं, दौसा से संबंधित होने से आवेदन पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6 (3) के अंतर्गत स्थानान्तरित किया गया। सहायक निदेशक, लोक सेवाएं, दौसा ने पत्र कमांकः राज.संपर्क/2022/16094–16095 दिनांक 26.12.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना का संदर्भ स्पष्ट नहीं हो रहा है। अपीलांट किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर रिकार्ड का अवलोकन कर सकते है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे तथा पूर्ण पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 13:14:33 IST
Reason: SelfAttested

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा